# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........दैनिक भास्कर........

दिनांक 2.8.2019 पृष्ठ सं. ....5.... कॉलम ....1-2....

## एचएयू में 2 वैज्ञानिक और 17 गैर शिक्षकों को सेवानिवृत्ति पर किया सम्मानित



गुरुवार को एचएयू में सेवानिवृत्ति पर एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन डॉ. केएस ग्रेवाल को सम्मानित करते कुलपति प्रो केपी सिंह।

**हिसार** | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में गुरुवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि रहे। उन्होंने जून व जुलाई माह दौरान सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल और स्मृति चिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने इन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। इस अवसर पर विवि के लेखा नियन्ता डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। विश्वविद्यालय से गत दो माह में कुल 02 शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 17 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. केएस ग्रेवाल तथा डॉ. राज वीर खत्री जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में सर्वश्री ओम प्रकाश, मांगे राम, नारायण सिंह, राम गोपाल, हरि ओम, रमेश कुमार, भूप सिंह, दरया सिंह, छोटू राम, बद्री प्रसाद, जसवंत सिंह, केहर सिंह, इंदू रानी, खजानी देवी, कलावती, भतेरी और मूर्ति देवी शामिल हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ........अमर उजाला........

दिनांक 2.8.2019 पृष्ठ सं. 6 कॉलम 3

## हकृवि कुलपति ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को किया सम्मानित

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में वीरवार को सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जून व जुलाई माह के दौरान सेवानिवृत्त हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शाल तथा स्मृतिचिह्न भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लेखा नियंता डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। इस अवसर पर कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. एमके गर्ग भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत दो माह में कुल 02 शिक्षक/वैज्ञानिक और 17 गैर शिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. केएस ग्रेवाल और डॉ. राजवीर खत्री, जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में ओमप्रकाश, मांगेराम, नारायण सिंह, रामगोपाल, हरिओम, रमेश कुमार, भूपसिंह, दरिया सिंह, छोटूराम, बद्री प्रसाद, जसवंत सिंह, केहर सिंह, इंदू रानी, खजानी देवी, कलावती, भतेरी और मूर्ति देवी शामिल हैं।



**सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित करते कुलपति प्रो. केपी सिंह।** - अमर उजाला

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......दैनिक जागरण......
दिनांक 2.8.2019 पृष्ठ सं. ...17... कॉलम ...7-8...

## सेवानिवृत्त कर्मचारियों को दी विदाई



सेवानिवृत्त कर्मी को सम्मानित करते कुलपति।

**हिसार** : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में दो माह में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए वीरवार को विदाई समारोह में 19 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को को सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय में दो माह में 17 नॉन टीचिंग स्टाफ के सदस्य और दो वैज्ञानिक सेवानिवृत हुए हैं। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि मौजूद कुलपति प्रो. केपी सिंह ने सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया। कुविश्वविद्यालय के लेखा नियंत्रक डा. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृतों का स्वागत किया और उन्हें मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जांनकारी दी। शिक्षकों और वैज्ञानिकों में डा. केएस ग्रेवाल और डा. राज वीर खत्री, गैर- शिक्षक कर्मचारियों में ओम प्रकाश, मांगे राम, नारायण सिंह, राम गोपाल, हरि ओम, रमेश कुमार, भूप सिंह, दरिया सिंह, छोटू राम, बद्री प्रसाद, जसवंत सिंह, केहर सिंह, इंदु रानी, खजानी देवी, कलावती, भतेरी और मूर्ति देवी। (जासं)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

समाचार-पत्र का नाम ......नित्य शमित टाईम्स......

दिनांक 2.8.2019 पृष्ठ सं. 7 कॉलम 8

# हकृवि कुलपति ने सेवानिवृत कर्मचारियों को किया सम्मानित



हिसार, 2 अगस्त (निस)। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में कुलपति प्रो. केपी सिंह मुख्य अतिथि थे। उन्होंने जून व जुलाई माह दौरान सेवानिवृत हुए विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को शॉल तथा स्मृति चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। इस अवसर पर कुलपति ने इन सेवानिवृत कर्मचारियों के सुखद भविष्य की कामना करते हुए उनकी सेवाओं की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि वे अपने आप को सेवानिवृत न समझें बल्कि अपने को व्यस्त रखकर परिवार व समाज को अपनी सेवाएं प्रदान करें। उन्होंने कहा कि उन्हें विश्वविद्यालय से जुड़े रहकर उसके विकास में अपना सकारात्मक योगदान देना चाहिए तथा विश्वविद्यालय के प्रति अपनी निष्ठा बनाए रखने को कहा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के लेखा नियन्ता डॉ. अतुल ढींगरा ने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा इस विश्वविद्यालय के दरवाजे सदैव सेवानिवृत कर्मचारियों के लिए खुले हैं। वह अपने कार्य के लिए किसी भी समय यहां आ सकते हैं। उन्होंने सेवानिवृत हुए कर्मचारियों को मिलने वाले सभी सेवानिवृति लाभों की विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर कुलपति के विशेष कार्य अधिकारी डॉ. एम.के. गर्ग भी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय से गत दो माह में कुल 02 शिक्षक/वैज्ञानिक तथा 17 गैरशिक्षक कर्मचारी सेवानिवृत हुए। शिक्षकों/वैज्ञानिकों में डॉ. केएस ग्रेवाल तथा डॉ. राजवीर खत्री जबकि गैर शिक्षक कर्मचारियों में ओमप्रकाश, मांगेराम, नारायण सिंह, रामगोपाल, हरिओम, रमेश कुमार, भूपसिंह, दरया सिंह, छोटूराम, वद्री प्रसाद, जसवंत सिंह, केहर सिंह, इंदूरानी, खजानी देवी, कलावती, भतेरी और मूर्ति देवी शामिल हैं।